# मुख्यमंत्री ने पीयूष गोयल से की मुलाकात, निवेश पर हुई चर्चा



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात कर मध्य प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक में प्रदेश में नए उद्योगों को बढ़ावा देने और निवेशकों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को मध्य प्रदेश में उपलब्ध निवेश की व्यापक संभावनाओं, बेहतर अधोसंरचना और उद्योगों के अनुकूल माहौल की जानकारी दी। उन्होंने नए निवेश को प्रोत्साहित करने तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान औद्योगिक विस्तार, निर्यात को बढ़ावा देने और प्रदेश की आर्थिक क्षमता को नई ऊंचाई देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वय से कार्य करने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश और उद्योगों के लिए लगातार अधिक अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है।

## मध्यप्रदेश में चीनी भंडारण पर सख्ती, डीलर नहीं रख सकेंगे 4 हजार क्विंटल से अधिक स्टॉक

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मध्य प्रदेश सरकार ने चीनी के भंडारण को लेकर सख्त नियम लागू किए हैं। अब प्रदेश में कोई भी डीलर 4 हजार क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेगा। साथ ही चीनी का भंडारण 30 दिन से अधिक अवधि तक करने की अनुमति नहीं होगी।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर सभी कलेक्टरों को नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। डीलरों के लिए भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर अपने स्टॉक की जानकारी नियमित रूप से अद्यतन करना भी अनिवार्य किया गया है हालांकि सरकारी खाते पर रखे गए स्टॉक अथवा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरण के लिए रखी गई चीनी पर यह सीमा लागू नहीं होगी। वहीं, बड़े पैमाने पर चीनी का उपयोग करने वाले थोक उपभोक्ताओं के लिए भी भंडारण की सीमा तय की गई है। हलवाई, मिठाई विक्रेता, शीतल पेय निर्माता और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग जैसे उपभोक्ता 15 दिन से अधिक अवधि के लिए चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेंगे। सरकार ने संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

# श्री नारायण गुरुदेव की 172वीं जयंती पर श्रद्धालुओं ने किया स्मरण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनपः** संतनगर के सीटीओ क्षेत्र में श्री नारायण गुरुदेव भक्तजन समाज द्वारा श्री नारायण गुरुदेव की 172वीं जयंती श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

कार्यक्रम में पार्षद कुसुम चतुर्वेदी मुख्य अतिथि रहीं, जबकि अखिल भारतीय अय्यप्पा सेवा संगम के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय मलयाली एसोसिएशन के सचिव अनिल पी. नायर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। नायर ने कहा कि श्री नारायण गुरुदेव ने अपना पूरा जीवन अन्य पिछड़ा वर्ग, दलित और वंचित समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनके विचार और संदेश आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं।

अध्यक्ष पी. अरविंदाक्षन ने कहा कि श्री नारायण गुरु ने मानव मात्र के लिए एक जाति, एक धर्म और एक ईश्वर का संदेश दिया। उन्होंने समाज में भेदभाव और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए समानता और सामाजिक एकता का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम में दीवान सिंह, रईस अली और ईगल सहित कई अतिथि उपस्थित रहे। उषा सुदेवन, सुजाता रवि, जया विनोद, वेणु गोपाल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आयोजन में सहभागिता की। अंत में कन्हैया शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# 12 सितंबर की लोक अदालत के लिए प्रचार रथ रवाना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनपः** वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए, मंगलवार को जिला न्यायालय भोपाल परिसर से प्रचार रथ रवाना किए गए। प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को रवाना किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को किया जाएगा।

प्रचार रथ भोपाल शहर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी पहुंचेंगे। ऑडियो जिंगल और आकर्षक फ्लेक्स बैनरों के माध्यम से लोगों को लोक अदालत के बारे में जानकारी दी जाएगी और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेने के लिए जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव, जिला न्यायाधीश दीपक बंसल, संजय कुमार शाही, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अग्नीन्द्र कुमार द्विवेदी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश सुनीत अग्रवाल उपस्थित रहे। प्रशासन, पुलिस और जिला अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

## 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी', 9 से राष्ट्रीय पोषण माह

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश में 9वां राष्ट्रीय पोषण माह इस वर्ष 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' की थीम पर मनाया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग 9 सितंबर से प्रदेशभर में पोषण, बाल विकास और मातृ स्वास्थ्य को लेकर व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित करेगा।

पोषण माह के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों को पोषण, देखभाल और प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास की गतिविधियों का प्रभावी केंद्र बनाने के साथ समुदाय की भागीदारी बढ़ाने पर जोर रहेगा। स्थानीय खाद्य पदार्थों, संतुलित आहार और पर्याप्त प्रोटीन के महत्व से लोगों को जागरूक किया जाएगा। पोषण मेले, पोषण वाटिकाएं और पौष्टिक व्यंजनों के प्रदर्शन भी आयोजित किए जाएंगे। आंगनवाड़ी केंद्रों में तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को मिलने वाले गर्म पके भोजन की गुणवत्ता और विविधता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भोजन की स्वच्छता और पोषण स्तर की निगरानी में अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों और मातृ समितियों को सहभागी बनाया जाएगा। केंद्रों पर भोजन सूची भी प्रदर्शित की जाएगी। पोषण माह में बच्चों के जीवन के पहले एक हजार दिनों को विशेष महत्व दिया जाएगा। इस दौरान उचित पोषण, देखभाल और बच्चों के विकास में होने वाली देरी की समय पर पहचान को लेकर जागरूकता अभियान चलेंगे।

# नरेला रक्षाबंधन महोत्सव में उमड़ा बहनों का स्नेह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विश्व के सबसे बड़े नरेला रक्षाबंधन महोत्सव में बहनों का उत्साह लगातार देखने को मिल रहा है।

मंगलवार को महोत्सव के दूसरे दिन वार्ड क्रमांक 39, 40 और 75 में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान 36 हजार 854 बहनों ने सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग को रक्षासूत्र बांधकर अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया।

मंत्री सारंग ने कहा कि हर वर्ष लाखों बहनों से मिलने वाला प्रेम और आशीर्वाद उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंची बहनों से राखी बंधवाई और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा में सभी त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते हैं और रक्षाबंधन महोत्सव नरेला परिवार का सबसे भव्य आयोजन बन चुका है।

महोत्सव के दौरान बहनों ने कतारबद्ध होकर मंत्री सारंग को राखी बांधी। बुजुर्ग महिलाओं ने उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद भी दिया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों और बहनों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। बग्गी, ढोल-ताशों और आतिशबाजी के बीच मंत्री को मुख्य मंच तक ले जाया गया। महोत्सव के पहले दिन 22 हजार 432 बहनों ने रक्षासूत्र बांधा था। पिछले वर्ष करीब 1 लाख 84 हजार 632 बहनों ने इस आयोजन में भाग लिया था।

महोत्सव 8 सितंबर तक चलेगा। 3 सितंबर को वार्ड 76 और 59 में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# संस्कार और विनम्रता से बनती है इंसान की असली पहचान : सिद्धभाऊ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनपः** विद्यासागर पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

कार्यक्रम में संत सिद्धभाऊजी ने बच्चों को संस्कार और शिक्षा का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति की वास्तविक पहचान उसके संस्कारों से होती है। संस्कार, विनम्रता और व्यवहार कुशलता के बिना बड़ी से बड़ी डिग्री भी अधूरी है। शिक्षा का मूल उद्देश्य बच्चों को संस्कारवान और अच्छा इंसान बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे भगवान का स्वरूप हैं और उन्हें सही दिशा देना प्रभु सेवा के समान है। शिक्षकों को बच्चों को प्रेम, स्नेह और प्रोत्साहन के साथ शिक्षा देनी चाहिए।

प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने डॉ. राधाकृष्णन के योगदान पर प्रकाश डाला। शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने भाषण और नृत्य प्रस्तुत किए। संचालन मिनी धारवा तथा आभार मनदीप कौर ने व्यक्त किया।

# रक्षाबंधन उत्सव में हजारों बहनों ने विधायक को बांधी राखी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनपः** पंडित दीनदयाल उपाध्याय कृषि उपज मंडी भैंसाखेड़ी में रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संत हिरदाराम नगर और फंदा क्षेत्र की हजारों बहनों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांधकर अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। कोलार और गांधीनगर के बाद इस वर्ष क्षेत्र में आयोजित यह तीसरा बड़ा रक्षाबंधन कार्यक्रम रहा।

विधायक शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, स्नेह और विश्वास को मजबूत करने का अवसर है। बहनों का प्रेम और आशीर्वाद उनके लिए अमूल्य है तथा यही उन्हें जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं और महिलाओं की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। आयोजन के दौरान विधायक ने बहनों के साथ सामूहिक सेल्फी भी ली। इस दौरान हाथों में राखी लिए हजारों बहनों ने अपने भाई के प्रति स्नेह और आशीर्वाद व्यक्त किया।




## संस्कार विद्यालय में हजारों बच्चों ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनपः** संस्कार विद्यालय में मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के दौरान विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया। विद्यालय में प्रत्येक मंगलवार को इस परंपरा का आयोजन किया जाता है। सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव और हेमराज ने भी विद्यार्थियों के साथ पाठ में सहभागिता की। बसंत चेलानी ने बताया कि बच्चों को हनुमान चालीसा के साथ गीता के अर्थपूर्ण श्लोक भी याद हो चुके हैं।


## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शालिनी भगत पिता श्री देवकृष्ण भगत वार्ड नं. 05 ग्राम अन्सेरा तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र. की निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड में मेरा सरनेम (उपनाम) भगत लिखा हुआ है। किन्तु मेरे शैक्षणिक दस्तावेज अंकसूची में मेरा सरनेम दर्ज नहीं है। शालिनी एवं शालिनी भगत दोनों मेरे ही नाम है अतः मुझे शालिनी भगत के नाम से जाना पहचाना जावे।

**शलिनी भगत**
**ग्राम अन्सेरा**
**वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र.**

1464

## नाम परिवर्तन सूचना

मै बबीता बाई पति श्री रामबाबू, आयु वयस्क निवासी ग्राम सूकली, पोस्ट बोडा तहसील नरसिंहगढ, जिला राजगढ व्यावरा म.प्र. 465685 का होकर 'शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश गुड्डी बाई 'Guddi Bai' अंकित हो गया है जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम एवं प्रचलित नाम बबीता बाई 'Babita Bai' है जो कि मेरे 'शैक्षणिक दस्तावेजो, समग्र आई.डी में चला आ रहा है। अतः उक्त कारण से मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश अंकित नाम गुड्डी बाई के स्थान पर वास्तविक व सही एवं समाज में संबोधित किये 'Guddi Bai' जा रहे प्रचलित नाम बबीता बाई 'Babita Bai' ही जाना व पहचाना जावे।

**आधार कार्ड पर अंकित नाम/पुराना नाम**
**गुड्डी बाई 'Guddi Bai'**
**नया नाम- बबीता बाई 'Babita Bai'**

1463

## नाम परिवर्तन बाबत्

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में पूर्व मेरा नाम रामनिवास रानेबाज पटेल पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद पटेल लिखा गया है। जबकि मेरे वोटर आई.डी. कार्ड और स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र में मेरा नाम श्री रामनेबाज पटेल (RAMNEBAJ PATEL) पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद पटेल, निवासी- ग्राम बरिगवां, पोस्ट-लकोड़ा, तहसील-चुरहट, जिला-सीधी (म.प्र.) है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रामनिवास रामनेबाज पटेल पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद पटेल लिखा गया था। अब मेरा सही नाम रामनेबाज पटेल (RAMNEBAJ PATEL) पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद पटेल है जो सही है। अब मेरा नाम विभिन्न प्रपत्रों में उपरोक्त अनुसार लिखा व पढा जावे।

**रामनेबाज पटेल (RAMNEBAJ PATEL) पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद पटेल, निवासी- ग्राम बरिगवां, पोस्ट-लकोड़ा, तहसील-चुरहट, जिला-सीधी (म.प्र.)**

1462

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक नजूल वृत्त एम. पी नगर जिला भोपाल

**क्र./सी 126 K. भोपाल दिनांक 27/8/2026**

### सूचना पत्र

न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी. नगर जिला भोपाल के आदेशानुसार आवेदक मुकेश भार्गव आ. बी.बी. भार्गव की ग्राम खजूरीकलां में स्थित भूमि खसरा नं. 466/15/2,467/2रकबा 0.075 हे. के बटांक की कार्यवाही हेतु दिनांक 07/09/26 नियत की गई है। आप सर्व संबंधित /विक्रेता/पडौसी कृषक मौके पर भूमि से संबधित दस्तावेज स्वीकृत बटांक लेकर उपस्थित रहें। भू-खण्ड विक्रेता स्वयं स्थिती स्पष्ट करने हेतु मौके पर उपस्थित रहे। आवेदक बटांक हेतु आवश्यक झण्डीयां, बांस, मौके पर उपलब्ध करावे। कार्यवाही राजस्व निरीक्षक/संबधित हल्का पटवारी/ गठित टीम व्दारा किया जाएगा। सूचना-पत्र तामिली के हस्ताक्षर कर सूचित होवें। सूचना तामिली बाद अनुपस्थिती की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। विशेष परिस्थितियो में बटांक तारीख में बदलाव किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**नजूल वृत्त एम.पी. नगर जिला भोपाल**

1464

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री नवीन कुमार जैन आ.स्व.श्री एस.पी.जैन आयु वयस्क नि. म.नं.-37, सूर्यनगर, वैशाली, कोटरा सुल्तानाबाद जिला भोपाल म.प्र. द्वारा जावेद मियां आ.श्री जमीलउद्दीन आयु वयस्क नि.- बदरकासानी, जिला सीहोर म.प्र. के माध्यम से सलीमउद्दीन आ.श्री सरीफउद्दीन, आयु वयस्क निवासी तहसील दोराहा, हनुमान जी के मंदिर के पास, ग्राम बरदकासानी, जिला सीहोर म.प्र.से एक किता कृषि भूमि खसरा नं. - 108/1 रकबा 0.947 हेक्टेयर व खसरा क. 108/2, रकबा 0.7570 हेक्टेयर व खसरा क. 107/2,175/2 रकबा 1.5980 हेक्टेयर कुल रकबा 3.302 हेक्टेयर अर्थात 8.15 एकड़ है जो भूमि ऋणपुस्तिका क. एलएल 802073 स्थित ग्राम बदरकासानी प.ह.नं. 14. जिला सीहोर म.प्र. को क्रय करने का अनुबंध पत्र निष्पादित किया है जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्न हैं-पूर्व में शमीम उददीन की भूमि, पश्चिम में - रास्ता, उत्तर में - रास्ता, दक्षिण में - माधोलाल पटेल की भूमि अतःइस आम सूचना के मध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नवीन कुमार जैन आ.स्व.श्री एस.पी.जैन आयु वयस्क नि. म.नं.-37, सूर्यनगर, वैशाली, कोटरा सुल्तानाबाद जिला भोपाल म.प्र.की सहमति एवं जानकारी के बिना किसी प्रकार का कोई भी संव्यवहार आदि एक किता कृषि भूमि खसरा नं.- 108/1 रकबा 0.947 हेक्टेयर व खसरा क्र. 108/2, रकबा 0.7570 हेक्टेयर व खसरा क्र.107/2,175/2 रकबा 1.5980 हेक्टेयर कुल रकबा 3.302 हेक्टेयर अर्थात 8.15 एकड़ है जो भूमि ऋण पुस्तिका क्र. एलएल 802073 स्थित ग्राम बदरकसानी प.ह.नं. 14, जिला सीहोर म.प्र. के संबंध में न करे और यदि किया गया है अथवा किया जाता है तो वह संव्यवहार स्वतःअवैध, शून्य होकर निरस्त माना जावेगा एवं एक आपराधिक कृत्य माना जावेगा जिसके संबंध में मेरा पक्षकार अपना अधिकार सुरक्षित रखता है। **तदनुसार आम सूचना प्रकाशित की जाती है।**

**VIVEK SHARMA**
**ADVOCATE**
**Office:145, Aradhana Nagar, Kotra Sultanabad, Bhopal (M.P.)462003**
**Mobile: 8319620307**

1465

## OFFICE OF THE SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI BERASIA, DISTT. BHOPAL

**N.I.T. No./E-Tendering/mandi/26-27/670 Berasia, Dated 31.08.26**

### NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for External Electrification work at mandi yard Berasia Distt. Bhopal Tender Number : 2026_MPSAM_532833_1 (PAC amount Rs. 48.11 Lac.) The following work Tender to be Received Online up to 5:30 PM on Dated 24.09.2026 Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http:// mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **http:// mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/127822/2026 **SECRETARY**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)

### निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 13/सेतु/2026/का.यं. भोपाल, दिनांक 25/08/2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं | कार्य की अनु.राशि (रू. लाख में) | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_532370_1 | भोपाल | पुल कार्य | भोपाल शहर में गायत्री मंदिर से डी.बी. मॉल, बोर्ड ऑफिस चौराहा, प्रगति पेट्रोल पंप, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स होते हुए गणेश मंदिर (डॉ. भीमराव अंबेडकर सेतु) तक के फ्लाईओवर का मरम्मत कार्य (पी.जी. के तहत)। | प्रथम | 469.80 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होंगे। |
| | | | | योग | | 469.80 | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 15/09/2026, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ.डी.आर. का भुगतान केवल ऑनलाईन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। भौतिक रूप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किये जायेगें।

**कार्यपालन यंत्री**
**जी-17992/26 लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि (1) खसरा नंबर 1380/2 (S) में से रकबा 0.035 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 1381/2 (S) में से रकबा 0.012 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल रकबा 0.047 हेक्टेयर अर्थात् 0.115 एकड़ अर्थात् 5059 वर्गफिट अर्थात् 467.56 वर्गमीटर भूमि एवं (2) खसरा नंबर 1380/2 (S) में से रकबा 0.028 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 1381/2 (S) में से रकबा 0.018 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल रकबा 0.046 हेक्टेयर अर्थात् 4951 वर्गफिट अर्थात् 467.75 वर्गमीटर भूमि जो ग्राम बरखेड़ा सालम, पटवारी हल्का नंबर 35/26, विकास खण्ड फंदा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में भूमिस्वामी प्रदीप सक्सेना पुत्र श्री मदन लाल, पता- 334, विवेकानंद कॉलेज के समाने, सीहोर (म.प्र.) के नाम दर्ज है, से क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा कर अनुबंध निष्पादित किया गया है। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति, किसी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी के पक्ष में बंधक, रहन, दान हो अथवा कोई आपत्ति हो या हित रखते हो तो जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर, आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का रजिस्टर्ड विक्रय अनुबंध पत्र अपने पक्ष में निष्पादित कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगे।

**एस. एल. पाण्डेय, एडवोकेट**
**पता- म.नं. 1532, गली नं. 14, नवजीवन कॉलोनी, छोला दशहरा मैदान के पीछे, भोपाल (म.प्र.)**
**मो.नं. 9893383847**

1461

## -: जाहिर सूचना :-

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने (1) श्री धारा सिंह आत्मज श्री रतन सिंह, (2) उषा बाई पत्नी धारा सिंह दोनो आयु-वयस्क, निवासी-चंदूखेडी, भोपाल म.प्र. के आधिपत्य की तीन किता भूमि खसरा क्रमांक 102/2(एस) रकबा 0.1012 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 103/1 (एस) रकबा 0.4858 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 123/1 (एस) रकबा 0.2227 हेक्टेयर तीनो खसरों का कुल रकबा अर्थात 0.8097 हेक्टेयर अर्थात 2.00 एकड़ भूमि जो कि ग्राम कुठार, पटवारी हल्का-13, विकास खंड फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमा के बाहर स्थित है। जिसको क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार द्वारा टोकन/बयाना राशि अदा कर दी है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी बैंक ,सोसायटी, व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा लेन-देन या वाद विवाद या हिवा, दान, गिरवी, वसीयत, विक्रय अनुबंध, विक्रय विलेख आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे संपूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करे समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष मे कराने के लिये स्वंतत्र होगे।

भवदीय
**राजेन्द्र सक्सेना अधिवक्ता**
**सक्सेना लॉ चेम्बर**
**कार्या:-शॉप नं. 58, हनुमान मंदिर केम्पस, करोन्द भोपाल**
**मो.8959237282**

1460

## जाहिर सूचना

**म.नं.-HIG (डुप्लेक्स) 126,ई-7 एक्सटेंशन अरेरा कालोनी, शाहपुरा, भोपाल**

मैं अपने पक्षकार की ओर से व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ की मेरे पक्षकार श्रीमती प्रेमलता पाठक पत्नी स्वर्गीय श्री प्रताप नारायण पाठक, पताः मं.नं.-HIG (डुप्लेक्स) 126, ई-7 एक्सटेंशन, अरेरा कॉलोनी, शाहपुरा भोपाल के स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की संपत्ति म.नं.-HIG (डुप्लेक्स) 126, ई-7 एक्सटेंशन, अरेरा कॉलोनी, शाहपुरा, भोपाल में स्थित है। उपरोक्त पक्षकार यह घोषणा करते है कि उक्त संपत्तिय की मूल विक्रय पत्र एवं पट्टा विलेख जो कि दिनांक 31.05.2006, पुस्तक A-1, ग्रन्थ 24493, दस्तावेज क्रमांक 1400 (gh) कहीं गुम हो गई है और अब उनके पास नहीं है, जिस बाबत उनके द्वारा पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करवाई जा रही है और ना ही उक्त संपत्ति पर कोई ऋण/अनुबंध/बंधन इत्यादि है और पक्षकार इसे विक्रय/बंधक रखने हेतु स्वतंत्र है। कोई भी पक्षकार, वित्तीय संस्था, बैंक, व्यक्ति या शासन को उक्त संपत्तियों के विषय में मेरे अतिरिक्त किसी और व्यक्ति से व्यवहार न करे। यदि किसी पक्षकार को उक्त संपत्तियों के संबंध में आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के **3 दिवस** के अंदर मो. नं.- 9303134560 पर सूचित कर एवं निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आकर लिखित में आपत्ति करें।

**भवदीय-शंकरलाल (एडवोकेट)**
**182,जोन-1,एम.पी.नगर, भोपापल**
**मोबाइलः-9303134560**

1459